तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

बिजली विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता हो रहे परेशान

4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### सुभाष को सारागांव थाना की जिम्मेदारी, एसपी ने किया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने जिले में प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। आदेश के तहत निरीक्षक सावन कुमार सारथीी थाना प्रभारी सारागांव के पद पर पदस्थ थे, उन्हें रक्षित केन्द्र जांजगीर भेजा गया है। यातायात शाखा में पदस्थ निरीक्षक सुभाष चौबे को नए थाना प्रभारी सारागांव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश 18 अगस्त से तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। मामला नवागढ़ थाना का है। मुखबीर सूचना पर थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम पोड़ी निवासी गणेश बाई दिवाकर के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुवा शराब कीमती 1 हजार को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ में धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

### जिला अस्पताल सहित सीएचसी, पीएचसी में चरमराई व्यवस्था

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ठप किया कामकाज, बैठे बेमियादी हड़ताल पर



बेमियादी आंदोलन पर बैठे एनएचएम के संविदा कर्मचारी।



जिला अस्पताल के बाहर लगी मरीजों की भीड़।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर कामकाज ठप कर दिया। वे जिला मुख्यालय जांजगीर में अनिश्चितकालीन आंदोलन में बैठ गए है। उनके इस आंदोलन से जिला अस्पताल समेत जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा विभागीय कामकाज प्रभावित होने लगा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने संविदा कर्मचारियों को नियमित करने समेत उनकी अन्य मांगों को लेकर शासन के समक्ष अपनी बात रखी थी। वहीं इस दिशा में उचित पहल नहीं होने पर सोमवार 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी भी दी थी। इसी कड़ी में प्रदेश संघ के आह्वान पर जिले के एनएचएम संविदा कर्मचारी जिला मुख्यालय जांजगीर के भाठापारा मैदान में एकजुट हुए और यहां धरना प्रदर्शन करते हुए अपने आंदोलन का आगाज किया। जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा जिला अस्पताल में पदस्थ संविदा कर्मचारियों को कामकाज ठप करके हड़ताल में जाने से सभी जगहों पर व्यवस्था प्रभावित हुई। स्वास्थ्य विभाग में जहां एनएचएम के विभागीय कामकाज ठप रहे तो वहीं जिला अस्पताल से लेकर ब्लाक मुख्यालयों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी कामकाज प्रभावित हुआ। खास करके विभागीय काम के साथ ही कम्प्यूटर और तकनीकी कामकाज ठप रहे। इस संबंध में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कार्तिक बघेल का कहना है कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है। जिसके कारण स्वास्थ्य सेवा चरमरा गई है।

#### एनएचएम संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगे

जांजगीर चांपा जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्य करने वाले करीब 4 सौ संविदा कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हुई है। एनएचएम संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर नजर डाली जाए तो 10 लाख का कैसलेस चिकित्सा बीमा, स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित भर्ती में आरक्षण, मेडिकल व अवकाश की सुविधा, 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, नियमितीकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता सहित अन्य प्रमुख मांगे शामिल है। जिसे लेकर संविदा कर्मचारी जिला मुख्यालय जांजगीर के हॉकी मैदान पर सोमवार 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है। इधर कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाने के कारण जिला अस्पताल , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम हो चली है। वहीं अस्पतालों में सर्दी, खांसी, मलेरिया, टाईफाइड, उल्टी दस्त सहित अन्य गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीजों को उपचार कराने में काफी परेशानी हो रही है।

# रेलवे ने रोका रास्ता तो सड़क पर उतरे लोग, मिली मोहलत

### चांपा में सुबह से हुआ विवाद, विधायक ने अफसरों को सुनाई खरी-खरी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा**

चांपा में शिवनगर वार्ड क्रमांक 23 में आम रास्ता को रेलवे द्वारा बंद करने की बात को लेकर भारी हो हंगामा हुआ। नाराज नगरवासी सड़क पर उतर आए। ऐसे में रेलवे के अलावा स्थानीय पुलिस और प्रशासन का अमला पहुंचा। खबर मिलते ही विधायक भी पहुंचे। इस दौरान रेलवे प्रबंधक ने 30 अगस्त तक का समय देते हुए रास्ता बंद करने की कार्रवाई को टाल दिया। दूसरी ओर विधायक ने जनहित में न्यायालय जाने की बात कही है।

शिव नगर वार्ड क्रमांक 23 में रेलवे विभाग द्वारा वर्षों पुराने आम रास्ते को बंद करने की कार्यवाही को लेकर शुक्रवार सुबह उत्पन्न हुए विवाद और तनाव अब फिलहाल शांत हो गया है। सुबह रेलवे पुलिस रास्ता बंद कराने पहुँची थी, जिस पर मोहल्लेवासी सड़कों पर उतर आए और स्टेशन रोड पर चक्काजाम करने की स्थिति बन गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार प्रशांत पटेल एवं क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप मौके पर पहुँचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने रेलवे अधिकारियों से चर्चा कर आम जनता की समस्या से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप ने साफ कहा कि रास्ता बंद होने से आम जनता की मूलभूत सुविधाएँ प्रभावित होंगी। बातचीत के बाद रेलवे अधिकारियों ने रास्ता बंद करने की कार्रवाई फिलहाल टालते हुए 30 अगस्त तक का समय दिया है। इसके बाद आगे की कार्यवाही पर निर्णय होगा। इस बीच विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि यदि जनता की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मामले को लेकर हाईकोर्ट जाएंगे। रेलवे अधिकारियों द्वारा मोहलत दिए जाने और विधायक की पहल के बाद शिव नगर का माहौल शांत हो गया। इधर वार्ड क्रमांक 23 में रेलवे प्रशासन द्वारा आम रास्ता बंद किए जाने मामले को लेकर सोमवार 18 अगस्त को वार्ड में भारी गहमामहमी का माहौल नजर आया।





आम रास्ता बंद मामले को लेकर विधायक के साथ सड़क पर उतरे वार्डवासी।

#### की गई चर्चा

शहर के वार्ड क्रमांक 23 में आम रास्ता बंद किए जाने की सूचना पर संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। इस मामले को लेकर वार्डवासियो को समझाइश दी गई।

-प्रशांत पटेल,
तहसीलदार, चाम्पा






## खबर संक्षेप

### संभव को मिला मेडिकल कॉलेज में प्रवेश



**अकलतरा।** नगर के शिक्षक धर्मेंद्र धीरही के पुत्र संभव धीरही को नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक मिलने के पश्चात रायपुर में हुए काउंसलिंग के दौरान राजनंदगांव के शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स में प्रवेश प्राप्त हुआ है। संभव रही के एमबीबीएस के चयन के लिए चयनित होने परउदय राम धीरही ,लक्ष्मीप्रसाद धीरही ,चंद्रभान धीरही, जीतेन्द्र धीरही ,अमित धीरही ,राजकुमार धीरही ,रौनक धीरही, आलोक ,खुशहाल धीरही के द्वारा हर्ष प्रकट करते हुए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जनदर्शन में 72 आवेदन हुए प्राप्त, सुनी समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील जांजगीर के ग्राम सिवनी निवासी रामनारायण बरेठ ने उनके पुत्र की मृत्यु पानी में डूबने से होने से मुआवजा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम जांजगीर को जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील बम्हनीडीह के ग्राम अमोदी निवासी श्री मनोहर लाल केवट ने नामांतरण पंजी की प्रमाणित प्रति, अकलतरा तहसील के ग्राम बिरकोनी निवासी शिवकुमारी ने पीएम आवास की किस्त, जांजगीर निवासी दीपांशु लदेर ने दिव्यांग पेंशन तथा ग्राम बनाहिल निवासी सुनील केंवट ने बैटरी चलित सायकल दिलाने संबंधी आवेदन किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में राशन कार्ड, आर्थिक सहायता सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।

### 845 पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन 20 से 23 तक काउंसिलिंग

**जांजगीर-चांपा।** पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 अगस्त से 23 अगस्त तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। दोनों कक्षों में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन 23 अगस्त को अवसर दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए जाएंगे तथा आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर पदग्रहण करना अनिवार्य होगा।

### धारदार हथियार के साथ 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**चांपा।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे स्टेशन के पास तथा अग्रसेन चौक कोरबा रोड से सत्यम दास महंत पिता मुरारी दास महंत उम्र 21 वर्ष निवासी गणेश होटल के पीछे चांपा व प्रमोद दास महंत पिता कार्तिक दास महंत उम्र 25 वर्ष से धारदार हथियार ज़ब्त किया गया तथा दोनों आरोपियों के विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता का योगदान रहा।

## जगह-जगह पौधरोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने दिए संदेश

# अंचल में आन बान शान से लहराया तिरंगा, स्कूलों में निकाली गई प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंचल में आन बान और शान से तिरंगा फहराया गया है। इस दौरान स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। वहीं जगह जगह कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय त्यौहार 15 अगस्त के अवसर पर, महाकाली आश्रम के युवा दल ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। महाकाली आश्रम के संचालक स्वामी सुरेन्द्र नाथ ने केवल आध्यात्मिक कार्यों में बल्कि समय-समय पर जनकल्याणकारी सामजिक और राष्ट्रीय हितों के कार्यों में भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कल स्वतन्त्रता दिवस के पावन असर पर आश्रम के युवा ब्रिगेड ने सीमांक राठौर के नेतृत्व में पौधा लगाने का कार्य किया, जिसमें आशीष राठौर, बिट्टू राठौर, सुजल राठौर, विशाल पटेल, छोटू राठौर और नरेश यादव शामिल हुए। युवाओं से बात करने पर सीमांक राठौर ने बताया कि वे मेडिकल साइंस की पढ़ाई कर रहे हैं, उनके सभी युवा साथी भी किसी न किसी उत्कृष्ट कार्य में संलग्न हैं। वे सभी स्वामी सुरेन्द्र नाथ के मार्गदर्शन में सामाजिक हित के कार्य, निःस्वार्थ भाव से करते हैं, इसी अनुक्रम में एक पेड़ माँ के नाम को सार्थक बनाने हेतु पौधा रोपण किया, ताकि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सकें। जैसा कि सबको मालूम है कि हमारा प्रदेश देश में जंगल के मामले में तीसरे स्थान पर आता है, उसके बावजूद भी, गर्मियों में जलस्तर बहुत नीचे चला जाता है, जिसका कारण है, हमारे प्रदेश में सदानीरा नदियों का न होना और व्यवसायीकरण के कारण जंगलों की कटाई, आने वाले दिनों में इसके दुष्परिणाम भी सामने आएंगे, इस लिए प्रतीकात्मक रूप से माताओं के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास किया है। हमारा उद्देश्य, लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में कुछ सरल कार्य करके, धरती माँ की रक्षा करने के लिए प्रेरित करना है। सीमांक ने बताया कि- स्वामी सुरेन्द्र नाथ के संरक्षण व मार्गदर्शन में, यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करती है।



स्वतंत्रता दिवस पर अवसर पर पौधरोपण करते महाकाली संगठन के पदाधिकारी

### राजस्व मंत्री पहुंचे भाजपा पदाधिकारी रवि के घर



**जांजगीर-चांपा।** राजस्व, खेल युवा मंत्री टंक राम वर्मा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, इंजी.रवि पांडेय, पुष्पेंद्र सिंह, सुधीर अग्रवाल, विवेक सिंह मंडल महामंत्री, संतोषी दुबे, उमा सोनी, पुष्पेंद्र निर्मलकर, प्रेम थवाईत, साकेत तिवारी, प्रदीप सोनी, हरदेव टंडन, जगदीश चंद्रा, संतोष श्रीमोर, सुनील पांडेय, गोलू दुबे, प्रदीप राठौर, राहुल पांडेय, रवि यादव, दीपेश यादव, मयंक दुबे, प्रवेश राठौर, वीरेंद्र साहू,लखन लाल स्वर्णकार, विवेक पांडेय, लव चंद्रा, फ्लेश राठौर सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे। उनका हौसला बढ़ाने से नगर में हर्ष व्याप्त है।

### सेवा सहकारी समिति तुलसी में किया गया ध्वजारोहण



**जांजगीर-चांपा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित तुलसी पंजीयन क्रमांक 491 में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में अध्यक्ष किशोर कुमार कश्यप एवं संस्था के कर्मचारी प्रभारी संस्था प्रबंधक ओंकार प्रसाद पटेल, विक्रेता रामेश्वर साहू, निशिकांत पटेल लिपिक, ऑपरेटर प्रहलाद कश्यप गांधी दास महंत तिलक कश्यप , राजकुमार यादव, राजेश यादव कृषकगण लीलाराम केवट हेमलाल यादव, दरस यादव, परस यादव, पवन यादव, कैलाश साहू, रमेश केवट, श्यामलाल कश्यप समिति प्रांगण में स्वामी विवेकानंद स्कूल के सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थी की उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

### न्यूवोको पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

**मुलमुला।** 15 अगस्त के अवसर पर नुवोको पब्लिक स्कूल, गोपाल नगरगोपाल नगर स्थित नुवोको पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह, धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रविन्द्र धारकर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय प्रांगण में उपस्थित जनसमूह एवं छात्र-छात्राओं ने तिरंगे को सलामी देते हुए सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। विद्यालय के प्राचार्य सुमंतो बिस्वास ने स्वागत भाषण देकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक त्रिपाठी



एजीएम - एचआर और संजीव दत्ता डीजीएम - फाइनेंस एवं कंट्रोल, नुवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, गोपाल नगर विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों के रूप में श्रीमती अर्चना धारकर एवं श्रीमती गीतांजलि त्रिपाठी भी शामिल हुईं। एचआर प्रमुख अभिषेक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और कुर्बानियों का स्मरण कराते हुए सभी से अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आग्रह किया। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने भक्ति गीत, कविताएं, भाषण और नृत्य सम्मिलित थे। प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने भरपूर सराहा।

## कोसला सोसायटी में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान कर दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

कोसला सोसायटी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जहां राष्ट्रगान कर अतिथियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कोसला सोसायटी में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी, एवं छत्तीसगढ़ के निर्माता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के चलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मौजूद सभी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान जन गण मन गाकर तिरंगे को सलामी दी। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सेवा सहकारी समिति कोसला परिसर में मौजूद सभी पदाधिकारी व गणमान्य लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे भी लगाए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति के प्राधिकृत अधिकारी देवेश चतुर्गोष्ठी, राजेन्द्र कौशिक, सहकारिता विस्तार अधिकारी देवेन्द्र कुमार टाण्डे, भारत भूषण शर्मा, समिति के वरिष्ठ कृषक दुर्गेश्वर तिवारी, भाजपा मंडल पामगढ़ महामंत्री सुधीर तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, सरपंच राजकुमार नारंगे, उप सरपंच योगेश कुमार साहू, पूर्व प्रबंधक त्रिलोकी नाथ तिवारी, पूर्व सदस्य राम प्रसाद कुर्मी, रंजित साहू, झाड़ू राम, कन्हैयालाल साहू, फिरत राम कुर्मी पंच, बसंत कुमार, विनोद कश्यप, चंदराम कश्यप, राजकुमार साहू, कमलेश कश्यप पंच, उदल कश्यप, गौरव तिवारी, रमेश कुमार कश्यप पंच, मिलाप साहू पंच एवं कार्यक्रम के आयोजक प्रबंधक रितेश तिवारी, सुखदेव पटेल, रवि वर्मा, ओम प्रकाश पटेल, बुधाराम साहू तथा कार्यक्षेत्र ग्रामों के कृषकगण, वरिष्ठ जन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


तिरंगा को सलामी देते अतिथि।

## स्कूल में बच्चों से काम कराते वीडियो वायरल, प्रधान पाठक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- प्राथमिक शाला डभराखुर्द का मामला, अधिकारियों ने की कार्रवाई

शासकीय प्राथमिक शाला डभराखुर्द में स्कूली बच्चों से मजदूरों जैसा काम कराए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर प्रधान पाठक को नोटिस भेजा गया है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला डभराखुर्द में प्रधान पाठक द्वारा 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे प्राथमिक स्कूल के बच्चों से मजदूरों जैसा काम कराया जा रहा था। शाला विकास समिति के अध्यक्ष कौशल कुमार केवट एवं ग्रामीणों ने स्कूल में काम करते हुए बच्चों का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह काम स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा करवाया जा रहा था। स्कूली बच्चों के हाथों में कापी, कलम और किताब की बजाय फावड़ा थमा दिया गया है।

इस संबंध में बम्हनीडीह बीईओ रत्ना थवाईत का कहना है कि प्राथमिक स्कूल के बच्चों से मजदूरों जैसा कार्य कराए जाने को लेकर पहले जानकारी मिली थी। मामले पर नोटिस दिया गया है।

## वेदांता लिमिटेड कंपनी में स्वतंत्रता दिवस पर संग्राम सेनानियों को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) प्रबंधन ने धूमधाम से आयोजित किया।

वेदांता लिमिटेड द्वारा ग्राम सिंघीतराई में अधिग्रहित 1200 मेगावॉट विद्युत संयंत्र की 600 मेगावॉट क्षमता की पहली इकाई का प्रचालन हाल ही में प्रारंभ हुआ है। संयंत्र परिसर में आयोजित समारोह में व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने व्हीएलसीटीपीपी ने अपना योगदान सुनिश्चित किया है। उन्होंने व्हीएलसीटीपीपी परिवार को निरंतर श्रेष्ठ कार्य प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। श्री पटेल ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि विश्वसनीय और सतत ऊर्जा प्रदान कर हम भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। यूनिट 1 के शुभारंभ की सफलता हमारे ऊर्जा व्यवसाय को आगे बढ़ाती है और वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के विजन के अनुरूप उज्वल एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में क्षमता विस्तार के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। समारोह में श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्हीएलसीटीपीपी के यूनिट-1 का प्रचालन प्रारंभ करने में व्हीएलसीटीपीपी और बिजनेस पार्टनर के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्कृष्ट योगदान दिया। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों का सहयोग प्रशंसनीय है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर औद्योगिक सुरक्षा, सिक्योटी, हॉस्पिटैलिटी और मानव संसाधन के क्षेत्र के बेहतरीन कार्य प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी श्री पटेल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों सम्मानित हुए। प्रशासन प्रमुख एवं उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र झा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण प्रमुख प्रियरंजन त्रिवेदी ने किया।



### श्रीकृष्ण की मनमोहक चैतन्य झांकी सजाई

**जांजगीर-चांपा।** ब्रह्माकुमारीज राजयोग केंद्र की स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दिव्य मनमोहक चैतन्य श्री कृष्ण एवं श्री राधा जी की जीता जागता झांकी सजाई गई थी। झांकी जन्माष्टमी के दिन संध्या 6 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम लोगो के दर्शनार्थ रखी गयी। इस झांकी के माध्यम से ब्रह्मा कुमारीज संस्था द्वारा यह सन्देश दिया गया कि जीवन को श्री कृष्ण एवं श्री राधे के समान बनाया जा सकता है। राजयोग की शिक्षा ही ऐसी है जिससे आत्मा के अंदर सर्व गुण आने लगते हैं मानसिक विकार समाप्त हो जाते है तथा मन ईश्वर में जुड़ जाता है वर्तमान समय ऐसा ही चल रहा है जबकि परमात्मा शिव स्वयम आकर ईश्वरीय ज्ञान एवं राजयोग द्वारा साधारण नर - नारी को मनुष्य से देवी देवता बना रहे हैं।



### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मै महेश कुमार मोदी पिता श्रीनिवास मोदी निवासी बेरियर रोड चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.

अपने तथा अजय कुमार सोनी पिता आनंद कुमार सोनी के संयुक्त नाम पर वार्ड नं. 20 बी.डी.एम रोड लायंस चौक चाम्पा, प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. व तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. स्थित भूमि स्वामी हक, स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 929/3, 929/22 रकबा क्रमशः 0.016 हे., 0.005 हे. कुल खसरा योग 02 कुल रकबा योग 0.021 हे. को व्यापार कार्य वास्ते रकम की आवश्यकता होने के कारण बेचने का सौदा कर रहा हूँ जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन निकट भविष्य में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त वर्णित भूमि के विक्रय के संबंध में पूर्व में किसी प्रकार का कोई इकरारनामा किसी व्यक्ति / क्रेता के पक्ष में निष्पादित नहीं किया गया है भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित नहीं है भूमि किसी भी प्रकार के ऋण भार से ग्रस्त नहीं है ।

अतः यदि किसी व्यक्ति शासकीय अतवा अर्ध शासकीय निकाय संस्था समिति या बैंक इत्यादि को उक्त वर्णित भूमि के विक्रय पर किसी प्रकार की कोई आपती या स्वत्व सम्बन्धी दावा हो तो वह इस सुचना पत्र प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपना आपत्ति / दावा प्रामाणित दस्तावेज सहित पेश कर सकते है नियत अवधी में किसी प्रकार का कोई आपत्ति अथवा दावा प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उक्त वर्णित भूमि संपति के विक्रय पत्र का पंजीयन क्रेता के पक्ष में करा दिया जायेगा बाद में प्राप्त आपत्ति दावा विधि मान्य नहीं होगा ।

सो सुचना जाने

भवदीय
महेश कुमार मोदी पिता श्रीनिवास मोदी
निवासी बेरियर रोड चाम्पा, तहसील चाम्पा
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) 495671
मो. नं. 9752620001

### ईश्तहार / उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. ....अ-2/2024-25
ग्राम.......सिवनी...प.ह.न. 02 तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम........सिवनी प.ह.न. 02 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक सर्वेश्वरा रिसोर्सेस एल.एल.पी. द्वारा पार्टनर श्री नितेश बंसल पिता राजेन्द्र बंसल निवासी ग्राम प्लाट नं. सी 4/5 सिविल टाउनशिप, रघुनाथापाली सुन्दरगढ़ (उड़ीसा) ने कृषि भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 20.08.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। अनुसूची : खसरा नं. 2063/6 रकबा 0.061 हेक्टेयर भूमि... लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 05.08.2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चांपा

### न्यायालय तहसीलदार भोथिया, जिला-सक्ती, (छ.ग.)

// ईश्तहार // (पेपर प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र. /2024 25
साकिन ठठारी तहसील भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्र प्रकाश सिंह पिता उदित नारायण निवासी ठठारी तहसील भोथिया जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा ग्राम ठठारी प.ह.न. 01 रा.नि.मं. व तहसील भोथिया में स्थित भूमि खसरा नंबर 1662/3, 1664 रकबा 0.2350, 0.2870 में कुल रकबा 0.5220 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु (राईस मिल) डायवर्सन कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में जांच किये जाने हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 25/08/2025 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 11/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
भोथिया, जिला-सक्ती, (छ.ग.)

### समक्ष अनुविभागीय अधिकारी महोदय चांपा जिला: जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं प्रताप बरेठ उम्र 45 वर्ष पिता गणेश राम बरेठ निवासी कुरदा थाना व तह चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) का मूल निवासी हूं, जो कि शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता हूं-
1/ यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ। 2/ यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2849 4765 3748 में त्रुटिवश मेरे एवं मेरे पिताजी के उपनाम प्रताप भरत (PRATAP BHARAT) पिता गणेश राम बरेथ (GANESH RAM BARETH) अंकित एव दर्ज हो गया है जो की गलत है। 3/यह कि प्रताप भरत (PRATAP BHARAT) पिता गणेश राम बरेथ (GANESH RAM BARETH) एवं प्रताप बरेठ (PRATAP BARETH) पिता गणेश राम बरेठ (GANESH RAM BARETH) दोनो एक ही व्यक्ति है तथा अलग-अलग नहीं तथा इन दोनो नाम से व्यक्ति को जाना एवं पहचाना जाता है। 4/यह कि मैं उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र अनुविभागीय अधिकारी चांपा के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ। 5/यह कि छ.ग. राजपत्र में मेरा नाम प्रताप बरेठ (PRATAP BARETH) पिता गणेश राम बरेठ (GANESH RAM BARETH) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत है।

शपथकर्ता- प्रताप बरेठ

सत्यापन

मैं प्रताप बरेठ (शपथकर्ता) यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्र 1 से लेकर 05 तक की बातें मेरे जानकारी व विश्वास से सही एवं सत्य है, जिसे आज दिनांक/08/2025 को जांजगीर में इसे लिखाकर, पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
जांजगीर

सत्यापनकर्ता- प्रताप बरेठ

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बालरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियों के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएं जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।


डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 02260566005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब निकल होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन.


डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- काला बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच


डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ों एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का ईलाज


डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 02260566005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण




**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारत वर्ष की आजादी के 79 वें वर्ष की खुशियां हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस की प्रातः बेला में कार्यालय प्रांगण में नपं अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज की ध्वजारोहण किया तथा उन्होंने तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान राष्ट्रगान का सामुहिक रूप से सभी ने गायन किया। श्रीमती प्रतिभा कश्यप ने स्वतंत्रता संग्राम के उन वीर सपूतों,महापुरुषों को स्मरण किया जिन्होंने भारत वर्ष की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, सभापति अमित अनंत, राजेश यादव, संतोष यादव,इंदू मनहर, पार्षद नेहा अग्रवाल, पार्षद कीर्ति सोनी,पार्षद नरसिंग गोंड, पार्षद परम कुर्रे, पार्षद योगेश देवांगन, पार्षद सुमित चंदेल, पार्षद भवानी शंकर चंदेल,पार्षद प्रतिनिधि डॉ. सुनील गुप्ता, पूर्व पार्षद विमल मनहर, श्याम चंदेल,मुख्य नगरपालिका अधिकारी भगवती ध्रुव,उप अभियंता सतीश साहू, सुरेश गुनी सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे।

### परियोजना कार्यालय में सभापति ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज




**मालखरौदा।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति खीक बाई मनहरण द्वारा द्वारा परियोजना कार्यालय में सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बाबू चपरासी के अलावा 3 सुपरवाइजर उपस्थित थे, जबकि परियोजना अधिकारी अनुपस्थित थे, जिसका क्षेत्र में तरह-तरह के चर्चा है।

### प्राथमिक शाला बोरसी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बोरसी के प्राथमिक शाला बोरसी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह साढ़े सात बजे बच्चों के द्वारा गांव में प्रभातफेरी निकाली गई। साढ़े आठ बजे ग्राम पंचायत बोरसी के सरपंच दिनेश कुमार चंद्रा, उप-सरपंच दिनेश कुमार चंद्रा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सेतराम चंद्रा, पंचगण एवं सदस्यों के द्वारा भारत माता , महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया, और सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों के द्वारा बच्चों को ईनाम देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच दिनेश कुमार चंद्रा, उप-सरपंच दिनेश कुमार चंद्रा शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष सेतराम चंद्रा, पंच गण में छेरका राम चंद्रा, सूर्य कांत चंद्रा, पांडेश्वर चंद्रा, कुशल मांझी, विशाल चंद्रा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों में जगदीश टंडन और गांव के गणमान्य नागरिक एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक छबि कुमार पटेल और ओम शरण कैवर्त्य ने किया एवं आभार व्यक्त प्रधान पाठक अमृत लाल पटेल ने किया।

### जगह-जगह फहराया गया तिरंगा, स्कूलों में बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ नगर में धूमधाम से परंपरानुसार मनाई गई। स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत शुक्रवार 15 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

तय कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 7.30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्रातः 7.30 बजे गौरव पथ स्थित नगरपालिका कार्यालय भवन में नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव द्वारा ध्वजारोहण किया। इसके बाद प्रातः 8 बजे गांधी सामुदायिक भवन में भी नगरपालिका उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर द्वारा तिरंगा फहराया गया। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे हटरीबाजार स्थित गांधी चौक में नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रातः 9.15 बजे थाना चौक स्थित बापू बालोद्यान में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद प्रातः 10 बजे विवेकानंद उद्यान में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान तथा राष्ट्रगान हुआ। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव विशेष रुप से मौजूद रहे। इसके पश्चात प्रातः 10.30 बजे पुराना फिल्टर प्लांट में वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद तथा पालिका की जल शाखा के प्रभारी सदस्य महेन्द्र तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी शैक्षणिक संस्थाओं तथा औद्योगिक संस्थान में संस्था प्रमुखों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उधर छग चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की नगर इकाई द्वारा भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे से लायंस चौक में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया।




परेड की सलामी लेते लायंस क्लब अध्यक्ष




दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

### लायंस स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस

**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि लायन संतोष कुमार सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे है। यह स्वतंत्रता हजारों अमर बलिदानों का प्रतीक है, जिनके त्याग और बलिदान से भारत को आजादी मिली। विशिष्ट अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने अपने संदेश में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगाँठ पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करना चाहिए। यही वीर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव लायन सी. ए. सुरेश अग्रवाल तथा लायन डॉ. जी. पी. दुबे ने भी उपस्थितों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं की ओर से कृयांश अग्रवाल तथा रक्षा पाण्डेय ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर सत्र 24-25 के दौरान स्कूल में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर स्कूल में कार्यरत सभी भृत्य को रेनकोट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल एवं अंत में सांस्कृतिक प्रभारी लायन बजरंग लाल अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन उत्तमप्रकाश देवांगन, लायन बैजनाथ देवांगन, लायन नारायण प्रसाद सोनी, लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन वासुदेव देवांगन एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

### डीपीएस में फहराया गया तिरंगा

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 15 अगस्त को आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का 'विकसित भारत महोत्सव' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम देवांगन ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने सम्मानपूर्वक राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में हेड बॉय आरूष शर्मा, कक्षा 12वीं ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तद्नंतर रुषिका देवांगन कक्षा- 3री, शौर्य अग्रवाल 8वीं ने अंग्रेजी में एवं अनाया तिवारी 8वीं , एवं अक्षिता कोरी 4थी ने क्रमशः अंग्रेजी एवं हिंदी में प्रभावी उद्बोधन दिया। विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सामूहिक देशभक्ति गीत और प्रेरणादायक भाषणों ने कार्यक्रम का वातावरण भावनाओं और गर्व से सराबोर कर दिया। प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह ने अपने संबोधन में कहा की "आजादी का अर्थ केवल बंधनों से मुक्ति नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना भी है। विकसित भारत का सपना, तभी पूरा होगा, जब हम स्वस्थ्य, सजग और वैज्ञानिक सोच से संपन्न नागरिक बनें। फिट इंडिया मिशन, योग और खेल हमारे तन-मन को सशक्त बनाते हैं,जबकि प्रकृति का संरक्षण, सिंगल-यूज प्लास्टिक से परहेज और पर्यावरण की देखभाल हमारे आने वाले कल को सुरक्षित बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का योगदान अनिवार्य है, क्योंकि हमारा छोटा-सा प्रयास भी बड़े परिवर्तन की शुरुआत कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8वीं की छात्रा श्रीम थावानी एवं आन्या अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन हेड गर्ल कनिष्का साहू कक्षा 12वीं ने किया।

### हसदेव पब्लिक स्कूल में लहराया तिरंगा




**चांपा।** हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि मोहन गुलाबानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी ने राष्ट्र गान गाया। हेड बॉय, हेड गर्ल व सभी हाउस के कप्तानों, विद्यार्थी परिषद के सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा परेड कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। स्कूल प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। प्राइमरी कक्षा एवं मिडिल कक्षा के बच्चों द्वारा पीटी, लेजिम और डंबल पीटी एवं मार्शल आर्ट और योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया। कक्षा पांचवी के अस्मित दास ने अंग्रेजी में भाषण व कक्षा आठवीं के नीरज केंवट ने हिंदी में सुंदर भाषण प्रस्तुत किया। छात्र.छात्राओं द्वारा देशभक्ति एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल गीत, सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी गई। अंत में आभार उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी, सचिव अरुण कुमार झाझड़िया, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, कमल मोदी, मनोज मित्तल, मुरलीधर जयपुरिया, अशोक अग्रवाल, डॉक्टर पुष्पराज देवांगन, डॉक्टर शुभम गुप्ता, प्रबंधक जवाहरलाल यादव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं अभिभावकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेमरिया में एक पेड़ मां के नाम लगाए पौधे

**बिर्रा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पेड़ लगाओ- पेड़ बचाओ का संदेश देते हुए ग्राम सेमरिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मिलकर एक पेड़ मां के नाम पर पौधे रोपे। स्कूली बच्चों से भी पौधारोपण कराया गया ताकि वे पर्यावरण संरक्षण से जुड़े और इसके संरक्षण के आंदोलन को और प्रभावी एवं गतिशील बनाने में सक्रिय योगदान निभाएं। हायर सेकंडरी प्रांगण में सर्वप्रथम ग्राम सरपंच ईश्वरी बाई रामस्वरूप कश्यप, सभी पंचगण, सचिव और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मंदराज कश्यप शिक्षक छात्र- छात्राएं, शिक्षकगण कर्मचारीगण ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए व तिरंगा फहराकर राष्ट्र को याद किया। इसके बाद स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी ने मिलकर एक- एक पौधे अपनी मां के नाम रोपे। इस अभियान के तहत अमरूद,आम,नारंगी, आंवला,जामुन और छायादार के विभिन्न पौधे लगाए गए।



### बोर्ड परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने वालों को किया सम्मानित



**बिर्रा।** स्वतंत्रता दिवस पर दसवीं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक वाले पैंतीस छात्रों को मेमोटो गुलदस्ता पेन डायरी श्रीफल शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड परीक्षा मे वर्ष 2024-2025मे नगर के चार विद्यालय में दसवीं बारहवीं कक्षा में सबसे ज्यादा अंक वाले छात्र छात्राओं का हौसला अफजाई करने के लिए जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू व सक्रिय कार्यकर्ता मणीलाल कश्यप व्याख्याता मनोज तिवारी ने विधार्थियों को सम्मानित करने के लिए आगे बढ़ा और इस प्रयास को निरंतर जारी रखने के लिए हर संभव मदद करने का बीड़ा उठाया है ताकि बच्चों के प्रतिभा में कोई कमी नहीं रहे। तथा 79वे स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय डी डी एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्रांगण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीनियस पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल के विधार्थियों कक्षा दसवीं बारहवीं कक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने वाले बच्चों को जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू सक्रिय कार्यकर्ता मणीलाल कश्यप व्याख्याता मनोज तिवारी सभी इनके प्रयास से संभव हो सका तथा पैंतीस विधार्थियों को मेमोटो गुलदस्ता पेन डायरी श्रीफल शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।



### ब्रम्हाकुमारी आश्रम की दीदियों ने जेल पहुंचकर बंदियों को बांधी राखी

**जांजगीर-चांपा।** रक्षा बंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदियों ने जिला जेल पहुंचकर वहां निरुद्ध बंदियों को रक्षा बंधन बांधा।

कार्यक्रम में ब्रम्हाकुमारी रेणु दीदी, जेल अधीक्षक डी. डी. टोंडर के साथ संस्था के बी.के. शंकर सहित अन्य बहनें शामिल रही। इस मौके पर रेणु दीदी ने कहा कि रक्षा बंधन का त्योहार भाई- बहन के पवित्र प्रेम और मधुर संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बंदी भाई अपने अंदर की बुराईयों को त्याग कर अच्छाईयों को आत्मसात करें। इस कार्यक्रम के पश्चात प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी की दीदियों ने पुटपुरा बटालियन पहुंचकर वहां के जवानों को राखी बांधी।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान विजय कुमार पांडेय सहित ऑफिस के अफसरों और जवानों को राखी बांधी।

## नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर एवं क्षेत्र में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास,धूमधाम एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष शकुन अघरिया ने ध्वजारोहण किया।

जनपद उपाध्यक्ष कमलेश पाटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता, देवसिंह अघरिया जनपद सदस्य एवं कर्मचारीगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राजेन्द्र कुमार सिंह उत्तर माध्यमिक शाला में ध्वजारोहण अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया द्वारा किया गया। उन्होंने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा नगर में रैली निकाली गई एवं एनसीसी, एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, विकास केड़िया, राजकुमार



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेते अतिथि।

गुप्ता, निखिल कौशिक, प्राचार्य आरके विश्वकर्मा, आरसी मिश्रा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विवेकानंद बाल शिक्षा समिति द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर राणा एवं नगर के 20 वार्ड पार्षदों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल ताम्रकार, उपाध्यक्ष रजनी साहू, सचिव लव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू सहसचिव गोपेश तुलस्यान, दशरथ नामदेव, नरेश अग्रवाल एवं नगर के नागरिक उपस्थित रहे। श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में नगर पंचायत नरियरा की अध्यक्ष राधिका सहगल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। वरिष्ठ नागरिक मंच के द्वारा नगर के अंबेडकर चौक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर , आजाद चौक में शहीद चंद्रशेखर आजाद , शास्त्री चौक लाल बहादुर शास्त्री एवं सब्जी मार्केट स्थित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान, आरसी मिश्रा, जीपी दीक्षित, दशरथ नामदेव सहित वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष दीप्ति सारथी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह, पार्षदगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जर्जर शाला भवन को तोड़कर नया भवन बनाने कलेक्टर से मांग

**तमनार।** रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 17 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देलारी में संचालित माध्यमिक शाला पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। पिछले 12 वर्षों से भवन की स्थिति खराब है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की मरम्मत या नया भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि इस जर्जर हालत को देखते हुए पहले माध्यमिक शाला की कक्षाएं प्राथमिक विद्यालय में संचालित की जाती थीं, लेकिन अब वह भवन भी जर्जर हो चुका है। गांव के लोग लगातार हादसे की आशंका से दहशत में हैं। देशभर से आए दिन स्कूल भवन ढहने की घटनाओं की खबरें अखबारों और सोशल मीडिया पर आती रहती हैं।

### शासकीय प्राथमिक शाला में सरपंच ने किया ध्वजारोहण

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत सिलादेही व शासकीय प्राथमिक शाला मौहाडीह में झंडारोहण सरपंच श्रीमती संतोषी पटेल के पति राजकुमार पटेल, सचिव नेतराम मांझी, उपसरपंच रामकुमार पटेल, प्रधान पाठक शीला राम संवरा, रामगोपाल साहू एवं पंचायत पदाधिकारीयों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शासकीय प्राथमिक शाला सिलादेही व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में ध्वजारोहण शाला प्रबंधन अध्यक्ष अवधेश साहू ,प्राथमिक प्रबंधन अध्यक्ष बालगोविंद साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक मुन्ना लाल ड़ड़सेना, श्रीमती सुरेखा वैष्णव, जगदीश दुबे प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन प्रीतम प्रसाद खुंटे शिक्षक फिरत केवट मुकुंद कश्यप रितेश कश्यप सुरेश चन्द कर्ष की उपस्थिति में हुआ। शुभारंभ सभी अभ्यागत ने भारत माता, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैलीय चित्र में माल्यार्पण कर व श्रीफल तोड़कर राष्ट्र गान से हुआ। तत्पश्चात सभी अभ्यागत का बच्चों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### किसानों के प्रदर्शन में चंद्रपुर विधायक भी हुए शामिल

## खाद की किल्लत : किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खाद की समस्या से जूझ रहे किसानों ने सोमवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। समय पर खाद नहीं मिल पाने के कारण नाराज किसानों ने रायगढ़-खरसिया मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। गोर्रा, कुर्मापाली, जामपाली, टेका, पचेड़ा, अमलीडीह, रईतराई और बुलाटी समेत आसपास के गांवों के किसान भी सड़कों पर उतर आए। जिससे इस मार्ग पर वाहनों के पहिये थम गए।

किसानों ने सड़क पर बैठकर करीब 3 घंटे तक आवागमन ठप रखा। उनका कहना था कि समय पर खाद नहीं मिलने से खरीफ की फसल पूरी तरह खराब हो रही है और उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। इस दौरान दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव भी मौके पर पहुंचे और किसानों के समर्थन में खड़े हो गए। उन्होंने



प्रशासन से तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की। तीन घंटे चले हंगामे के बाद नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों को लिखित आश्वासन दिया कि जल्द ही खाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त कर सड़क खोल दी।

## पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर के बेटे की केलो डेम में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार की देर रात लाखा स्थित केलो डेम में पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर के बेटे की डूब कर मौत हो गई। मृतक अपने देर रात अपने दोस्तों के साथ डेम घूमने गया था, इस दौरान यह हादसा हो गया। सोमवार की सुबह पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ केलो डेम पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव मछली मारने के जाल में फंसा मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल छोटे अतरमुड़ा निवासी पीडब्ल्यूडी में पदस्थ सब इंजीनियर डीके प्रधान का बेटा सुशांत प्रधान (25) साल रविवार की देर रात अपने दोस्तों पुरेन्द्र सिंह निवासी गोरखा और अविनाश सारथी निवासी कोष्टापारा के साथ कार से लाखा स्थित केलो डेम पहुंचा था। रात करीब दो बजे वह डेम के पिछले हिस्से में हाथ-मुंह धोने के लिए पानी में उतरा और अचानक गायब हो गया। दोस्तों ने घंटों खोजबीन की लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसके



बाद उन्होंने सुबह 9 बजे कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद मछली पकड़ने के जाल में सुशांत प्रधान का शव फंसा हुआ मिला। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

खबर संक्षेप

## कूलिंग टावर के क्षेत्र में नवाचार के लिए अरविंद दिल्ली में सम्मानित



**अकलतरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) जीतन राम मांझी एवं राज्यमंत्री सुश्री शोभा कारंदलाजे के द्वारा कूलिंग टावर निर्माण के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के नए आयाम स्थापित करने के लिए ग्राम अमरताल के अरविंद राज डहरिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी कंपनी अमरताल कूलिंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ के संस्थापक एवं संचालक के रूप में प्रदान किया गया, जिन्होंने कूलिंग टावर निर्माण के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के नए आयाम स्थापित किए हैं। अरविंद राज डहरिया की उपलब्धि पर ग्राम वासियों एवं परिवार जनों के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## व्याख्याता प्रेमलता द्वारा लिखी साहित्य पुस्तक एक परी हमारी का विमोचन



**बम्हनीडीह।** लखुर्री हाईस्कूल में पदस्थ व्याख्याता प्रेमलता साहू के द्वारा लिखी गई पुस्तक का उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में बाल साहित्य की नई कड़ी एक परी हमारी कविता संग्रह का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि "बाल साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व, उनकी संवेदनशीलता, कल्पनाशक्ति और नैतिक मूल्यों के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वक्ताओं ने एक परी हमारी को बाल हृदय के अनुरूप रचनाओं का संग्रह बताया, जिसमें सरल भाषा और कल्पनाशील प्रस्तुतियाँ बच्चों को आकर्षित करती हैं। उन्होंने इसे बाल साहित्य में सार्थक और महत्त्वपूर्ण योगदान बताया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के संकाय सदस्य तथा अंत में आभार प्रदर्शन व्याख्याता प्रेमलता साहू द्वारा किया गया।

## दिव्यांग भुनेश्वरी को अब आने जाने में नहीं होगी परेशानी, प्रदान की निःशुल्क व्हीलचेयर



**पामगढ़।** दिव्यांग भुनेश्वरी को अब कहीं आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। उसकी राह अब आसान होगी। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दिव्यांग भुनेश्वरी के लिए सहारा बनकर सामने आया है। संघ की ओर से भुनेश्वरी को निःशुल्क व्हीलचेयर प्रदान की है। शनिवार 16 अगस्त को छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के स्थापना को 4 साल पूरे हो गए। अपने चौथे स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के संरक्षक टीएस कंवर, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे के मार्गदर्शन पर छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन की जांजगीर-चांपा जिला इकाई की ओर से पकरिया झूलन निवासी 19 वर्षीया दिव्यांग भुनेश्वरी भाट पिता स्व. झुकू भाट को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। पैरों से दिव्यांग होने के चलते भुनेश्वरी चल-फिर नहीं पाती। घसीटकर चलती थी जिसकी परेशानी को देखते हुए एसोसिएशन ने नेक पहल करते हुए भुनेश्वरी के घर जाकर उसे व्हीलचेयर प्रदान की। इस मौके पर जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष शनि सूर्यवंशी जिला महासचिव पंकज कुर्रे सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र सिंगसार्वा , वार्ड के पंच निर्मला बसंत भाट, दीपक पाटले, एस डी भारद्वाज , शहजाद खान के अलावा एसोसिएशन के सदस्य व भुनेश्वरी के परिजन मौजूद थे।

### तीन माह पहले गिरा था छज्जा, मरम्मत को लेकर जिम्मेदार अमला नहीं दे रहा ध्यान

# जर्जर हो गई लाखों रुपए की लागत से बनी पानी टंकी, हर पल हादसों का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत तुस्मा में लाखों की लागत से बने पानी टंकी जर्जर हो चुकी है। स्थिति यह है कि इसके चलते हर पल हादसों की संभावना बनी हुई है। जिम्मेदार विभाग के अफसर इस समस्या को लेकर ध्यान तक नहीं दे रहे है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के आमापारा मोहल्ले में ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए वर्षों पूर्व एक पानी टंकी का निर्माण किया गया था। उस समय इसका उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना था,लेकिन आज यही पानी टंकी मोहल्ले के लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई है। समय के साथ यह टंकी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। स्थिति इतनी भयावह है कि दो से तीन माह पूर्व टंकी का छज्जा अचानक भरभरा कर गिर गया था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आस-पास रहने वाले लोग और छोटे-छोटे बच्चे अक्सर इसके नीचे खेलते-कूदते हैं। इस वजह से हर वक्त डर का माहौल बना रहता है। लोग इस बात से



जर्जर पानी टंकी।

चिंतित हैं कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत या ध्वस्तीकरण नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। ग्राम सरपंच का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में जिम्मेदार विभाग को कई बार अवगत कराया है। लिखित और मौखिक दोनों ही स्तरों पर जानकारी दी गई,लेकिन विभाग द्वारा आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विभाग की यह लापरवाही ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने जैसी है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों को इस समस्या से कोई मतलब ही नहीं है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद अनसुनी की जा रही है। मोहल्ले के बुजुर्गों का कहना है कि यह टंकी कभी गर्व का प्रतीक थी,क्योंकि इसके माध्यम से पूरे क्षेत्र में पेयजल की सुविधा उपलब्ध होती थी, लेकिन अब इसकी हालत इतनी दयनीय है कि यह ग्रामीणों के लिए खतरे का सबब बन चुकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर वे हर समय चिंतित रहते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग तत्काल इस जर्जर पानी टंकी को गिराकर नई टंकी का निर्माण कराए या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करे। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी हादसे की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों पर होगी।

**ली जाएगी जानकारी**

ग्राम पंचायत तुस्मा में पानी टंकी जर्जर होने की जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत से पानी टंकी मरम्मत को लेकर आवेदन आने पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

-यशवंत ठाकुर,
सब इंजीनियर
पीएचई विभाग नवागढ़



## बिजली विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

बिजली विभाग द्वारा स्पॉट बिलिंग तो शुरु कर दी गई है, लेकिन समय पर मोर बिजली ऐप या सीएसपीडीसीएल पोर्टल पर बिजली बिल अपलोड नहीं किए जाने से उपभोक्ता खासे परेशान है। उन्हें 5 किलोमीटर दूर बिजली ऑफिस जाकर लंबी लाइनों में लगकर बिल जमा करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम मालखरौदा की उपभोक्ता सतरूपा बाई चन्द्रा (बी.पी. संख्या 1001696384) ने कनिष्ठ यंत्री विद्युत वितरण केन्द्र मालखरौदा को आवेदन देकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि बिजली विभाग की ओर से स्पॉट बिलिंग तो कर दी जाती है, लेकिन समय पर उसे मोर बिजली ऐप या सीएसपीडीसीएल पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाता। इस वजह से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान में कठिनाई होती है और 5 किलोमीटर दूर बिजली ऑफिस जाकर लंबी लाइनों में लगकर बिल जमा करना पड़ता है। सतरूपा बाई ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि इस समस्या की जानकारी कई बार 1912 हेल्पलाइन और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्होंने 18 अगस्त को लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि समय पर स्पॉट बिल ऑनलाइन अपलोड किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को आसानी से भुगतान करने की सुविधा मिल सके और आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में मालखरौदा के उपयंत्री गजाधर सिदार का कना है कि दो-तीन दिन पहले छुट्टी के चलते बिल अपलोड नहीं हो पाया होगा। इसे शीघ्र अपलोड कर दिया जाएगा।

**खास बात**

- बिल भुगतान के लिए लगानी पड़ रही लाइने



## स्कूल खुलते ही निरीक्षण करने पहुंचे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रार्थना में हुए शामिल

**पामगढ़।** विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ एम. एल.कौशिक स्कूल खुलते की शासकीय प्राथमिक शाला रामगढ़ मोहल्ला पामगढ़ का औचक निरीक्षण किया जहां बच्चों व शिक्षक के साथ प्रार्थना में शामिल हुए। बच्चे रोज की तरह रिकाडिंग के साथ राष्ट्र गान, राज गीत, प्रार्थना गीत गाये। शाला भवन की रख - रखाव, साफ - सफाई संतोषजनक पाए गए, शाला में दो शिक्षक कार्यरत है दोनों उपस्थित मिले, एक पेड़ मां का नाम, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फार्म,शिक्षक दैनंदिनी एवं एफ एल एन आदी पर कार्य किया जा रहा है। प्रधान पाठक मनमोहन अनंत के द्वारा शाला के सभी बच्चों को स्वयं के ब्यय से टाई बेल्ट वितरण किया गया है, जिसकी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सराहना किया।

# महानदी से रेत का अवैध उत्खनन बैराज के अस्तित्व पर खतरा

**शिवरीनारायण।** महानदी का जलस्तर कम होते ही रेत माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। रेत के अवैध कारोबार में लगे रेत माफियाओं पर लगाम लगाने में जिला प्रशासन पूरी तरफ से फेल साबित हो रहा है। कार्रवाई नहीं होने से रेत माफियाओं के हौसले और बुलंद होते जा रहें हैं। इन दिनों रेत माफिया शिवरीनारायण में बहने वाली महानदी का सीना छलनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं। करोड़ो की लागत से निर्मित बैराज के पास रोजाना सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर पूरे दिन रेत का खुलेआम उत्खनन करते नजर आ रहे हैं।

शिवरीनारायण में रेत घाट को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। महानदी के भोगहापारा घाट का ठेका खत्म हुए दो साल से ज्यादा का वक्त बीत गया है। रेत घाट की स्वीकृति नहीं मिलने का फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। लगातार रेत माफिया बेखौफ होकर महानदी के भोगहापारा घाट से रेत का अवैध उत्खनन करने में लगे हुए हैं। अल सुबह से लेकर देर रात तक रेत माफ़िया ट्रैक्टर से अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहें हैं। रेत माफिया मनमाने तरीके से महानदी से रेत निकाल रहें हैं। करोड़ों रुपए की लागत से बने बैराज के करीब से रेत का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे बैराज के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। रोजाना रेत माफियाओं द्वारा महानदी से 50 से भी अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से 5 सौ ट्रिप से भी अधिक रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। रेत माफिया अवैध उत्खनन कर मनमाने कीमतों पर रेत बेच रहें हैं। सुबह से लेकर देर रात तक रेत से ओवर लोड ट्रैक्टर नगर के सड़को पर फर्राटे भर रहें हैं। सड़क पर फैले रेत के कारण आए दिन हादसे भी हो रहें हैं, लेकिन न तो खनिज विभाग व राजस्व विभाग द्वारा और न ही जिला प्रशासन द्वारा रेत माफियाओं पर कोई कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई नही होने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। कार्रवाई की हो रही खानापूर्ति-रेत माफियाओं द्वारा नियमों को ताक में रखकर लगातार रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। शिकवा शिकायत पर गाहे बगाहे कार्रवाई की खानापूर्ति की जा रही है।

## विधायक ने शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में चयनित होने पर छात्र का किया उत्साहवर्धन

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वांरा नगर के प्रतिभाशाली छात्र विलसन कुर्रे पिता रमेश कुर्रे को नीट की परीक्षा में एससी वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य में 19 वां स्थान प्राप्त कर रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने पर मिठाई



खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया। विल्सन कुर्रे के रायपुर मेडिकल कॉलेज में चयनित होने पर विनोद चौबे,अंबरीश सिंह बैस,संजय श्रीवास,राजकुमार राठौर, युवराज सिंह, दामोदर चौधरी, अजय साहू,विकास कुर्रे, रवि श्रीवास, रामनारायण साहू, अमित धीरही,महावीर कैवर्त, गजेंद्र साहू, वत्सराज सिंह सहित अकलतरा विकासखंड शिक्षकों एवं परिवार जनों के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

कृष्णजन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। आंख में पट्टी बांध कर मटकी फोड़ में प्रथम विजेता ओमप्रकाश धीवर 5100 रू और रोचक वैष्णव 2100 रू व गिफ्ट आईटम दिया गया।

दीवान मुहल्ला बिर्रा के रामसप्ताह चौक में हर वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर आंख में पट्टी बांध कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में करीब सौ प्रतिभागी ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जनपद सदस्य रितेश रमणसिह चेतन बाबा, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू कथावाचक दिलीप पांडेय आदि की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में पंडित ने सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के तैल चित्र में मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी अभ्यागत ने फीता काट कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आख़ में पट्टी बांध कर



विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार देते अतिथि।

मटकी फोडने वाले करीब सौ प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। जिसमें ओमप्रकाश धीवर ने 5100रू व गिफ्ट के साथ प्रथम विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं आंख में पट्टी बांध कर मटकी फोडने वाले प्रतिभागी रोचक वैष्णव ने 2100 रू व गिफ्ट के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों विजेता को जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू, युवा नेता चेतन बाबा, कथावाचक दिलीप पांडेय, रामकुमार धीवर के व्दारा विजेता को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार वितरण में सुभाष यादव, टिकू केशरवानी, राज केशरवानी, ओमप्रकाश, वीरेंद्र पटेल, रोशन सिंह, लक्ष्मण , सोमेश ,बजरंग केशरवानी, बंजरंग पटेल, सुमीत कर्ष, तुषार केशरवानी, अमन कहार, छोटू पाल के अलावा भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने नवजात शिशुओं को किया सुरक्षा किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा क्लब के संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार रविवार 17 अगस्त को श्रीमती हेमिनबाई रामनारायण राठौर मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती 19 नवजात शिशुओं की माताओं को बच्चों की सुरक्षा के लिए हिमालिया कंपनी की ओर से प्रदत्त सुरक्षा किट का वितरण किया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्य संपादित करता है। इसके तहत समय समय पर जरूरतमंद लोगों की आवश्यकतानुरूप उन्हें लाभ पहुंचाने का प्रयास क्लब द्वारा निरंतर किया जाता है। कार्यक्रम में



नवजात शिशुओं को सुरक्षा किट वितरण करते लायन सदस्यगण।

उपस्थित लायन डॉ. के. पी. राठौर ने कहा कि नवजात शिशुओं को प्रारंभिक दिनों में अधिक सुरक्षित देखभाल की जरूरत होती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्हें सुरक्षा किट का वितरण किया जा रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. अतुल राठौर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लायन सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन सहित लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने दी।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर की विधि-विधान से पूजा- अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

भगवान श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव के शुभ अवसर पर देशभर के मंदिर-देवालयों में भक्तों की भारी भीड़ दिनभर देखने को मिली। गांव से लेकर शहरों तक धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

- इंदिरा गांधी महाविद्यालय में दही हांडी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन नगर के इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय व राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय) में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जन्मोत्सव कार्यक्रम व दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के अवसर



भजन-कीर्तन करते स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं।

महाविद्यालय में भगवान श्री राधा-कृष्ण की जीवंत स्वरूप का मनमोहक छठा देखने को मिली। महाविद्यालय में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर छात्र- छात्राओं ने विधी विधान से पूजा- अर्चना कर किर्तन भजन की प्रस्तुति दी। वहीं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने दही हांडी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, स्वयंसेवकों ने टोली बनाकर दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में सुष्मिता ने सफलता मिली। जन्मोत्सव पर भगवान श्रीकृष्ण की जीवंत स्वरूप नम्रता शर्मा व राधा रानी की भूमिका अर्चना जायसवाल निभाई । छात्राओं द्वारा उत्सव मनाते हुए प्रसिद्ध गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान छात्राओं द्वारा तैयार की गई रंगोली कलाकृतियां देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा, डॉ. निर्मल वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुधा कश्यप तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप, सहायक प्राध्यापक जी पी कौशिक, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवं श्याम साहू, प्रदीप वर्मा, नेहा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर एन एस एस स्वयं सेवक मौजूद रहे।




